wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-56 | सागवाड़ा, बुधवार,20 अक्टूबर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## विश्व हिंदू परिषद ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं के विरोध में डूंगरपुर में विश्व हिंदू परिषद में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश भट्ट ने बताया कि बांग्लादेश में हिंसा के दौरान हिंदुओं के धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई वही कई हिंदुओं की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बांग्लादेश में वर्तमान में हिंदुओं की स्थिति बहुत दयनीय हो गई है ओर हिन्दू परिवार असुरक्षित है। ऐसे में विश्व हिंदू परिषद ने भारत सरकार से मामले में दखल देते हुए बांग्लादेश सरकार पर दबाव डालकर हिंदुओं को न्याय और सुरक्षा दिलाने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है।

## थर्ड ईयर के छात्रों ने जूनियर सेकंड ईयर के एक छात्र की रैगिंग के नाम पर जमकर पिटाई की

### थाणा स्थित मेडिकल कॉलेज का मामला

डूंगरपुर। जिले के थाणा स्थित मेडिकल कॉलेज में बुधवार को रैगिंग का मामला सामना आया है। थर्ड ईयर के छात्रों ने जूनियर सेकंड ईयर के एक छात्र की रैगिंग के नाम पर जमकर पिटाई की। छात्रों की रैगिंग ओर पिटाई का दूसरे छात्रों ने वीडियो बना लिया। रैंगिंग के मामले को लेकर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।





दरअसल डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में इन दिनों सेकंड ईयर व फर्स्ट ईयर एमबीबीएस स्टूडेंट के एग्जाम चल रहे है। बुधवार दोपहर को परीक्षा के बाद छात्र बाहर निकले और कॉलेज परिसर के बाहर थड़ी पर खड़े थे। इसी दौरान थर्ड ईयर के कुछ छात्र वहां पर आए और जूनियर मयंक खराड़ी समेत अन्य छात्रों की रैगिंग शुरू कर दी। रैगिंग का विरोध करने पर सीनियर छात्रों ने मयंक के साथ लात-घुसो व लट्ठ से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दूसरे जूनियर छात्रों ने बीच बचाव करते हुए छुड़वाने का प्रयास किया तो सीनियर छात्रों ने उनसे भी मारपीट की।

मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आये थड़ी वाले कि थड़ी भी स्टूडेंट ने तोड़ दी। मारपीट की घटना को लेकर कुछ छात्रों ने वीडियो भी बना लिया। पिटाई के कारण मयंक को शरीर पर कई जगह चोंटे आई है। वही घटना के बाद सीनियर स्टूडेंट मोके से भाग गए। वहीं घटना को लेकर मयंक ने सीनियर छात्रों के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज करवाया है, जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

## धनगांव व बोडीगामा में शिविरों में पहुंचे लोगों को मिली राहत

**डूंगरपुर।** पंचायत समिति चिखली की ग्राम पंचायत धनगांव में आयोजित शिविर में आयुर्वेद विभाग द्वारा 30 रोगियों को परामर्श व 50 को दवाइयां वितरित की गई। पशुपालन विभाग द्वारा 488 पशुओं को दवाइयां दी गई वहीं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 20 नवीन जॉब कार्ड 42 मनरेगा श्रमिक का मोबाइल अपडेशन, चार जन्म प्रमाण पत्र, चार मृत्यु प्रमाण पत्र व दो विवाह प्रमाण पत्र जारी किए गए। कृषि विभाग द्वारा 50 मृदा स्वास्थ्य नमूनों का संग्रहण किया गया तथा दो सिंचाई पाइप लाइन आवेदन स्वीकृत किए गए वहीं 74 प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसी वितरण तथा 01 पौध संरक्षण वितरण किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पांच वृद्धावस्था पेंशन तथा दो पालनहार में लाभ प्रदान किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में कुल 76 मरीजों का उपचार वह दवाइयां दी गई तथा 26 को कॉविड वैक्सीनेशन प्रथम डोज एवं 14 को सेकंड डोज दिया गया। रोडवेज विभाग द्वारा तीन वरिष्ठ नागरिक एवं तीन अन्य पास जारी कर लोगों को राहत प्रदान की गई। ग्राम पंचायत बोडीगामा में आयोजित शिविर में 72 नामांतरण तथा 17 राजस्व खातों का शुद्धिकरण किया गया वही पांच आपसी सहमति से खाता विभाजन करते हुए 41 को लाभान्वित किया। सीमा ज्ञान के दो प्रकरण का निस्तारण करते हुए 46 भूमिहीन किसानों को भूमि आवंटन जाति, मूल निवास, हैसियत अन्य 30 प्रमाण पत्र जारी किए गए व राजस्व रिकॉर्ड की 25 प्रतिलिपि वितरित की गई।

## नारेली और मेवाड़ा गांव में शिविर हुए

**डूंगरपुर।** जिले में प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत बिछीवाड़ा ब्लॉक के नारेली और मेवाड़ा गांव में शिविर आयोजित हुए। बिछीवाडा प्रधान देवराम रोत ने शिविरों का निरीक्षण किया वही लोगों को दी जा रही राहत के बारे में जानकारी ली।

नारेली गांव में शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान रोत ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही आमजन से उन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान भी किया। इस दौरान प्रधान देवराम रोत और पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात ने पात्र लोगों को जमीनों के पट्टे और अन्य प्रमाण पत्र वितरित किए। मेवाड़ा गांव में आयोजित शिविर में भी प्रधान रोत ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

## पटवारी और प्रशासनिक परीक्षाओं के सुचारू आयोजन को लेकर बैठक हुई

**डूंगरपुर।** आगामी 23 व 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पटवारी परीक्षा तथा उसके बाद आयोजित होने वाली राजस्थान प्रशासनिक सेवा की परीक्षाओं के सुचारु संपादन हेतु जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ओला व जिला पुलिस अधीक्षक जोशी ने कहा कि जिस तरह जिले में रीट परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया, उसी भांति इन परीक्षाओं को भी पूर्ण गंभीरता के साथ निष्पक्षता एवं पारदर्शिता से आयोजित करवाएं। उन्होंने परीक्षार्थी का फोटो व हस्ताक्षर से पूर्ण मिलान करने के पश्चात ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा के आयोजन को लेकर दिये गये दिशा निर्देशों की पूर्ण रूप से अक्षरक्ष: पालना करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने इसके साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल प्रशासन व पुलिस प्रशासन को सूचित करने के लिए भी निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृतलाल कलाल ने बताया कि जिले में पटवारी परीक्षा हेतु 32 केंद्र बनाये गये है जिसमें 16 राजकीय तथा 16 निजी केंद्र को चिन्हित किया गया है । उन्होंने बताया कि 23 व 24 अक्टूबर को दोनों पारियों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बचाव एवं उपचार के लिए करें सभी व्यवस्थाएं : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने जिस प्रकार से कोविड-19 महामारी का कुशल प्रबंधन किया, उसी तत्परता के साथ डेंगू एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बचाव एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन, स्वच्छता एवं जागरूकता बढ़ाकर मौसमी बीमारियों पर प्रभावी रूप से नियंत्रण करें। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं हो।

गहलोत बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मौसमी बीमारियों एवं कोविड टीकाकरण अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के चिकित्सा प्रबंधन के सामने एक बड़ी चुनौती पैदा की और तीसरी लहर की आशंका अभी बनी हुई है।

## भीलूड़ा में भगवान चन्द्रप्रभु का खीर से हुआ महाअभिषेक

### मुनि पूज्यसागर महाराज के सानिध्य में रात को छत पर बैठकर की साधना

**सागवाडा।** शरद पूर्णिमा पर श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर भीलूड़ा में चातुर्मासरत मुनि पूज्य सागरजी महाराज के सानिध्य में रात्रि को पूनम की चांदनी में चन्द्रप्रभु भगवान का अभिषेक किया गया। महाराज के सानिध्य में 25 लीटर दूध की खीर से प्रभु का महाअभिषेक किया गया। अभिषेक का लाभ तुष्टि जैन व भरड़ा नागिनलाल कें परिवार ने लिया वही गुरु देव के सानिध्य में रात को छत पर बैठकर साधना की। इस दौरान सैकड़ों लोग भी मौजूद रहे। मुनि पूज्यसागर महाराज ने सर्वे कार्य सिद्धि के लिए आशीर्वाद दिया। मुनि ने पूर्णिमा के विशेष प्रवचन में कहा





कि शरद पूर्णिमा के दिन की गई साधना से व्यक्ति की समस्याएं दूर होती घर परिवार में सुख शान्ति रहती है। चंद्रप्रभु भगवान व माँ जिनवाणी का आशीर्वाद बना रहता है। छात्रों को पूर्णिमा पर माँ जिनवाणी की आराधना करनी चाहिये । खुले आसमान में की गई यह साधना आपके जीवन को सुख समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण होती है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अरविंद शाह , कोषाध्यक्ष भूपेंद्र भरड़ा, ललित जैन ,बसन्तलाल जैन, महेश भरड़ा , धर्मेंद्र जैन , जयप्रकाश भरड़ा, महेश भरड़ा, कमलेश टुकावत, ललित जैन , हितेश शाह चंद्रकांत भरड़ा, भावेश जैन, राकेश भटेवरा, भरत शाह, रजनीकांत जैन सहित युवा एवं महिला मंडल व समाजजन मौजूद रहे।

## पिपलादा में 25 पट्टे वितरित किये

**डूंगरपुर।** शिविर पिपलोदा में नामांतरण की 82, राजस्व अभिलेख शुद्धिकरण के 37 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए आपसी सहमति से खाता विभाजन के 22 प्रकरण में निस्तारण कर 70 को लाभान्वित किया गया वहीं रास्ते के 15, सरकारी चरागाह अतिक्रमण प्रकरणों में 32, सीमा ज्ञान के 12, आबादी भूमि विस्तार भूमि के एक, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि के तीन प्रकरणों का निस्तारण करते हुए जाति, मूल निवास, हैसियत प्रमाण पत्र के 22 प्रमाण पत्रों एवं राजस्व रिकॉर्ड की 42 प्रतियां वितरित कर लोगों को राहत प्रदान की गई।

शिविर में विद्युत सप्लाई में व्यवधान संबंधी प्राप्त 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया वहीं ढीले तारों को व्यवस्थित करने के संबंध में प्राप्त चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर राहत दी गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत 3 आवेदन स्वीकृत किए गए वहीं शिविर में 6 नवीन जॉब कार्ड जारी किए गए तथा 819 का सत्यापन किया गया। शिविर में जन्म, मृत्यु तथा अन्य कुल आठ प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में नियम 157 के तहत 25 पट्टे जारी किए गए। ग्राम सभा से अनुमोदित शौचालय हेतु पात्र दो शौचालय विहीन परिवारों को चिन्हित किया गया। पीएचईडी विभाग द्वारा हैंडपंप की मरम्मत संबंधित पांच प्रकरणों का निस्तारण किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा 42 व्यक्तियों को कोविड वैक्सीनेशन द्वितीय डोज दिया गया तथा 104 व्यक्तियों को उपचार देकर लाभान्वित किया गया।

## डूंगरपुर के आदित्य गांधी ने एप्पल कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर का पदभार संभाला

* संभाग का पहला युवा जिसे वर्ल्ड की सबसे बड़ी कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर के लिए छह राउंड की परीक्षा के बाद चयन
* अमेरिका के सेंट फ्रांसिस्को में छह साल टीसीएस में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद से अब एप्पल कंपनी में कार्यभार संभाला

**डूंगरपुर।** शहर के न्यू कॉलोनी के आदित्य गांधी ने अपनी मेहनत और इच्छा शक्ति से वर्ल्ड की सबसे बड़ी कंपनी एप्पल में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर नियुक्ति मिली है। संभाग का पहले युवा होंगे। जिन्होंने सनीवेल सिटी में एप्पल में बडे पद पर नियुक्ति मिली है। आदित्य गांधी के पिता मनोज गांधी ने बताया की आदित्य की कॉलेज तक शिक्षा डूंगरपुर शहर में हुई है। कक्षा 1 से 8 तक की शिक्षा उन्होंने विद्यानिकेतन संस्थान से पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने कक्षा 9 से 12 तक किशनलाल गर्ग स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद एसबीपी कॉलेज में बीएसई आईटी में ग्रेजुएशन पूरा किया। इसके बाद जयपुर आईआईआई एम से एमसीए पूरा किया। इसके बाद उन्होंने अपने कैरियर को आगे बढ़ाते हुए एनआईआईटी में दो साल नोएडा में काम किया। जहां पर उन्होंने भारत की टॉप पांच आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी में काम किया। जहां पर टीसीएस से उन्हें प्रोजेक्ट के रुप में अमेरिका भेजा गया। जिसमें भारत की



टीसीएस और एप्पल कंपनी मिलकर एक प्रोजेक्ट के रुप में काम कर रहे थे। इसमें टीसीएस के लीडरशीप आदित्य गांधी कर रहे थे। करीब तीन साल की मेहनत के बाद एप्पल कंपनी ने आदित्य गांधी को एक करोड़ 20 लाख के सालाना पैकेज और 25 हजार अमेरिक डॉलर के शेयर होल्डर के साथ प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर लिया। जहां पर आदित्य ने इस पद के लिए छह राउंड की परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल किए। जिसके बाद एप्पल कंपनी ने उन्हें अब प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर नियुक्ति दी है।

## शरद पूर्णिमा पर हवन- पूजन व छप्पन भोग का कार्यक्रम आयोजित

### मां पद्मावती व क्षेत्रपाल जी के हुये अनुष्ठान

**भीलूड़ा।** शरद पूर्णिमा पर शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर भीलूड़ा में मुनि पूज्यसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में हवन-पूजन व छप्पन भोग का कार्यक्रम आयोजित हुए। मुनायक श्री1008 शान्तिनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक ओर शांतिधारा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शांतिधारा के बाद मंदिर प्रांगण में शान्तिनाथ चन्द्रप्रभु पार्श्वनाथ भगवान व माँ पद्मावती , क्षेत्रपाल बाबा की प्रतिमा मंडप में विराजित की गई । वही पंडित धनपाल ने गाजेबाजे के साथ नव देवता, चन्द्रप्रभु, शांतिनाथ भगवन व जिनवाणी माता की पूजा अर्चना



विधि विधान से करवाई । जिसके बाद हवन कुंडों में मंत्रोच्चार के साथ घी व धुप की आहुतियां दी गई । वही हवन में भावेश जैन, अशोक टुकावत, आनंद भरड़ा परिवार ने नारियल की आहूति दी। जिसके बाद माँ पद्मावती व क्षेत्रपाल जी को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। छप्पन भोग का लाभ ललित प्रवीण कुमार भरड़ा व भावेश चांदमल भरड़ा व आरती कलश का लाभ रमण लाल टुकावत परिवार ने लिया। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अरविंद शाह, कमलेश टुकावत, शैलेन्द्र भरडा, चंद्रप्रकाश शाह, मिनेश शाह, विक्रांत जैन, मयूर जैन, जैनित जैन, प्रियेश भरडा, प्रियंक शाह, हिमांक जैन, प्राशुक शाह, धर्मेश भरडा, रजनीकांत शाह, हार्दिक भरडा, निखिल जैन सहित कई श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया।

## विश्वकर्मा समाज एकीकरण को लेकर सोमपुरा समाज सागवाड़ा की बैठक हुई

### सोमपुरा समाज को ओबीसी सूची में सम्मिलित करने की उठी मांग

**सागवाड़ा।** सागवाडा शहर में सोमपुरा समाज की बैठक आयोजित हुई । समाज के इष्टदेव भगवान सोमनाथ मंदिर सागवाड़ा में आयोजित इस बैठक में विश्वकर्मा एकीकरण के विषय पर चर्चा हुई ।

बैठक में रमेश सूत्रधार सूरजगांव एवं भगवतीलाल पंचाल ने विश्वकर्मा समाज के एकीकरण के लिए अपने विचार व्यक्त किये जिस पर बैठक में उपस्थित समस्त सोमपुरा समाज के प्रतिनिधियों ने समर्थन दिया । वही बैठक में विश्वकर्मा के पांच पुत्रों में चार समाज ओबीसी में है । लेकिन सोमपुरा समाज को ओबीसी आरक्षण नहीं मिला है उसे ओबीसी सूची में सम्मिलित करने की मांग



भी उठी । वही सोमपुरा समाज के युवाओं ने विश्वकर्मा संगठन से मांग की सागवाड़ा में आचार्य जगदीश जी महाराज इंदौर के मुखारविंद से विश्वकर्मा पुराण की कथा का आयोजन करवाया जाये जिस से पांचो समाजो में एक नई ऊर्जा का संचार होगा साथ ही गिरीश सोमपुरा, अशोक सोमपुरा, एवं कई अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये और एकीकृत विश्वकर्मा समाज के निर्माण पर बल दिया तथा समाज के विकास के लिए एकीकरण वर्तमान समय की मांग बताई । इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष में होगा रक्तदान शिविर

**डूंगरपुर।** पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष में पुलिस प्रशासन एवं ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज के सयुंक्त तत्वाधान में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक पुलिस लाइन सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डॉ वंदना सिंघल आचार्य एवं विभागाध्यक्ष ने बताया की उक्त शिविर में कार्य संपादित के लिए डॉ. कौस्तुभ सिंह चिकित्सा अधिकारी के सानिध्य में , जनसम्पर्क अधिकारी पद्मेश गांधी शिविर निर्देशन/शिविर संचालन एवं प्रभारी ब्लड बैंक राजेन्द्र सेवक मय ब्लड बैंक टीम द्वारा कार्य सम्पादित किया जायेगा। पद्मेश गांधी PRO रक्त संग्रहं वाहन ने बताया की उक्त शिविर में प्रत्येक रक्तदाताओं को ब्लड बैंक की ओर से सम्मान पत्र भेंट किये जायेंगे एवं शिविर में कोविड19 के नियमो की पालना के लिए निर्देशित किया गया है।

## गोवाडी में प्रशासन गांवो के संग अभियान के तहत शिविर हुआ

**सागवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोवाडी में बुधवार को प्रशासन गांवा के संग अभियान के तहत शिविर आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न विभागाधिकारियों की मौजूदगी में हाथों हाथ काम निपटाए। उपखण्ड अधिकारी राजीव द्विवेदी, तहसीलदार मयूर शर्मा, विकास अधिकारी सुनील शाह व प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

शिविर में 6 जन्म प्रमाण पत्र, 1 मृत्यु प्रमाण पत्र व 1 विवाह पंजीयन किया गया। वहीं 92 लोगों को पट्टे जारी किए गए। 2 नए जॉबकार्ड जारी किए व 1331 जॉबकार्ड सत्यापित किए। नरेगा साफ्टवेयर में 914 लोगों के मोबाईल नंबर अपलोड किए।



शौचालय विहिन 5 परिवारों को चिन्हित किया तथा 9 पट्टो का नवीनीकरण किया गया। 22 लोगों को कोविड टीकाकरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 2 लोगों को पौध संरक्षण के लिए यंत्रों का अनुदान व 4 किसानों को पाईप लाईन की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई। जलदाय विभाग द्वारा मरम्मत योग्य 3 हेडपंपो को चिन्हित किया। विद्युत विभाग द्वारा 7 त्रुटीपूर्ण मीटरों की समस्या का निपटारा किया वहीं ढीले तारों व लोड संबंधी समस्याओं का भी निपटारा किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 5 पेंशन स्वीकृतियां व 3 पालनहार स्वीकृतियां जारी की गई। राजस्व विभाग द्वारा 28 नामांतरण व 9 अभिलेख शुद्धिकरण के प्रकरण निपटाए। इस अवसर पर सरपंच पुष्पादेवी सरपोटा, उप सरपंच वासुदेव पाटीदार, प्रभारी हेमंत भावसार, ग्राम विकास अधिकारी विरेन्द्र जैन, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अरविंद पाटीदार, प्रधानाचार्य राकेश सेवक, भू अभिलेख निरीक्षक मुकेश भोई, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कर्मवीरसिंह, सहित चिकित्सा विभाग, जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि कई विभागों को अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।